झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग
भूतत्व निदेशालय
अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल,धुर्वा,राँची
फोन–0651–3511681, ई–मेल–dir-geology@jharkhandmail.gov.in

# निविदा आमंत्रण सूचना

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग,झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो**वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **विज्ञापन दाता का नाम**–भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग,झारखण्ड, राँची।
2. **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि**– दिनांक–13.06.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक।

इच्छुक निविदादाता निविदा हेतु निविदा दस्तावेज एवं विस्तृतTerms &Conditionsको खान एवं भूतत्व विभाग,झारखण्ड, राँचीके **वेबसाइट*****https://www.jharkhand.gov.in/mines***से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–

निदेशक, भूतत्व
भूतत्व निदेशालय
खान एवं भूतत्व विभाग
झारखण्ड, राँची

# झारखण्ड सरकार
## खान एवं भूतत्व विभाग
## भूतत्व निदेशालय
## अभियंत्रण छात्रावास–2,द्वितीय तल,धुर्वा,राँची

**फोन–0651–3511681, ई–मेल–dir-geology@jharkhandmail.gov.in**

# निविदा आमंत्रण सूचना

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग,झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विस्तार | निविदा दस्तावेज की राशि (रू0) (Non- refundable) | सुरक्षित जमा राशि/ईएमडी (रू0) | अवधि की सीमा |
|---|---|---|---|
| भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। | **रू/– 2000.00** | **रू/– 25,000.00** | **एक वर्ष** |

- MSME प्रमाण पत्र रखने वाले निविदादाता को भारत सरकार के ज्ञापांक संख्या F. 9/4/2020 दिनांक 02.11.2020 के आलोक में ईएमडी जमा करने से छूट दी गई है।

**अनुसूची/कार्यक्रम**

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना की संख्या | 01/2025-26 |
| निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि | 23-05-2025 |
| निविदा दस्तावेज की उपलब्धता | भूतत्व निदेशालय की अधिकारिक वेबसाइट *https://www.jharkhand.gov.in/mines* पर दिनांक 23-05-2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 13.06.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक रहेगा। |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.06.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक |
| निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने का तरीका | To be paid through e-payment service of Govt. of Jharkhand. It will be deposited online through official website www.jharkhandminerals.gov.in➔ Other & Services ➔ e Payment ➔Payment office (Directorate of Geology) ➔ Head of Payment (Cost of Tender Document) ➔ Description ➔ Type of Depositor (Other) ➔ District Name (Directorate of Geology) ➔ DDO Code (PRJOTH002) |
| सुरक्षित राशि जमा करने का तरीका | Bank Guarantee की मूल प्रति तकनीकी निविदा के साथ हार्ड कॉपी बंद लिफाफा में। |
| निविदा जमा करने का तरीका | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय से पहले हार्ड कॉपी निम्नलिखित पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करें– **भूतत्व निदेशालय,अभियंत्रण छात्रावास–2, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची, पिनकोड–834004** |
| सम्पर्क व्यक्ति/हेल्पलाइन नम्बर | 0651-3519388<br>भूतत्व निदेशालय (सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक) |

ह0/-
**निदेशक, भूतत्व**
**खान एवं भूतत्व विभाग**
**झारखण्ड, राँची**

## विषय सूची


| क्र0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| **1.** | निविदा हेतु आवेदन | 1 |
| **2.** | इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं के पंजीकरण के लिये आवदेन पत्र | 2 |
| **3.** | आपूर्तिकर्त्ता | 3 |
| **4.** | कार्य का विस्तार | 3 |
| **5.** | निविदा जमा करने का तरीका | 3 |
| **6.** | निविदादाता का उत्तरदायित्व एवं शर्तें | 4-6 |
| **7.** | भुगतान का प्रकार | 6-7 |
| **8.** | दण्ड | 8 |
| **9.** | निविदा की शर्तें | 9 |
| **10.** | अनुबंध की अवधि (Duration of Contract) | 10 |
| **11.** | सेवा की समाप्ति (Termination of Contract) | 10 |
| **12.** | विवाद समाधान (Dispute Resolution) | 10 |
| **13.** | न्यायालय का क्षेत्राधिकार(Jurisdiction of Court) | 10 |
| **अनुसूची–I** | तकनीकी निविदा दस्तावेज | 11 |
| **अनुसूची–II** | वित्तीय निविदा दस्तावेज | 12 |
| **अनुसूची–III** | **Bank Guarantee Format Of Tender Security/Performance Security** | 13-14 |
| **अनुसूची–IV** | **DECLARATION** | 15 |
| **अनुसूची–V** | घोषणा पत्र | 16 |

# निविदा हेतु आवेदन

**(*On the Letter Head of the Bidder*)**

सेवा में,

निदेशक, भूतत्व
भूतत्व निदेशालय,
खान एवं भूतत्व विभाग,
झारखण्ड, राँची।

**विषयः— निविदा संख्या ........................................ में भाग लेने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि मैं झारखण्ड सरकार में निबंधित ट्रैवल एजेंसी हूँ। भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु प्रकाशितनिविदा की सारी अर्हता रखता हूँ।

मेरे द्वारा निविदा से संबंधित सभी सूचना विहित प्रपत्र में निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध कराई जा रही है।

अतः अनुरोध है कि मेरा आवेदन स्वीकार करने की कृपा की जाय।

**एजेंसी/प्रतिष्ठान/आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

# 1. इच्छुक आपूत्तिकर्त्ताओं के पंजीकरण के लिये आवदेन पत्र

*(आवेदनकर्त्ता द्वारा भरा जायेगा)*

- आवेदक का नाम –.................................................................................................................

  *(कृपया आवेदक आईडी यथा आधार कार्ड, चालक लाईसेन्स, पासपोर्ट, वोटर आईडी आदि संलग्न करें।)*
- पता–..............................................................................................................................................

  ..................................................................................................................................................

  ..................................................................................................................................................
- दूरभाष नम्बर/मोबाईल नम्बर–.......................................................................................

  .
- ईमेल –.....................................................................................................................
- जीएसटी नम्बर–..........................................................................................................
- सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन नम्बर *(यदि कोई हो)*–..........................................................
- आयकर पैन नम्बर–.......................................................................................................

  .
- आवेदक की विधिक स्थिति (व्यक्तिगत/पार्टनशिप)–.......................................................
- पंजीकरण हेतु आवेदित वाहनों की विवरणी–

| क्र0 | वाहन संख्या | वाहन का मेक | मॉडल | पंजीयन की तिथि | सीट क्षमता | ईंधन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

- निविदा दस्तावेज क्रय राशि का विवरण–...................................................(शब्दों में ........ ..........................................................................................................)

  चालान नम्बर ........................................................ दिनांक.......................................................

  .बैंक का नाम एवं शाखा...............................................................................................

  .

**एजेंसी/प्रतिष्ठान/आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

## 2. कार्य का विस्तार

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो** वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से प्राप्त करनी है, जिसकी अनुबंध की अवधि एक साल के लिए मान्य होगी तथा निदे ाक, भूतत्व को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि सेवा के गुणवत्ता के आधार पर उक्त अवधि को उसी दर पर यथा निर्धारित भार्तों के अधीन एक–एक वर्श के लिए (अधिकतम तीन वर्ष तक के लिये) विस्तारित की जा सकती है।

## 3. निविदा जमा करने का तरीका –

इच्छुक निविदादाता को निविदा दस्तावेज 02 (दो) भाग में जमा करना होगा।

**(i)** **तकनीकी निविदा**:–तकनीकी निविदा में नियम एवं शर्तें, निविदा शुल्क और ईएमडी के अनुसार निविदादाता की मुहर और हस्ताक्षर के साथ पात्रता दस्तावेज शामिल होंगे (**अनुसूची–I**)।

**(ii)** **वित्तीय निविदा**:–वित्तीय निविदा में प्रत्येक वाहन के लिये दर शामिल होगा। निविदादाता के द्वारा प्रत्येक वाहन के लिए इकाई दर अंकित करते हुए मोहर बन्द लिफाफे में जमा करना अनिवार्य होगा। (**अनुसूची–II**)।

**नोटः–(क)** इच्छुक निविदादाता द्वारा तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा को निर्धारित प्रपत्र में भरकर अलग–अलग लिफाफे में जमा करना होगा। वित्तीय निविदा सील बन्द रहेंगी। दोनों निविदा एक बड़े लिफाफा में सील बंद कर उपलब्ध कराया जाएगा।

**(ख)** तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जायेगा।

## 4. आपूर्त्तिकर्त्ता–

सफल निविदादाता को आपूर्त्तिकर्त्ता समझा जाय।

## 5. निविदादाता का उत्तरदायित्व एवं शर्तें :–

1. आपूर्तिकर्त्ताको कार्य के संबंध में परिवहन विभाग या अन्य सरकारी विभाग द्वारा निर्धारित विभिन्न अधिनियमों/नियमों यथा श्रम अधिनियम, न्यूनतम पारिश्रमिक अधिनियम, पीएफ, ईएसआई, मोटरयान अधिनियम एवं संबंधित अन्य सभी अधिनियम एवं प्रावधानों आदि में निहित व्यवस्थाओं/नियमों/औपचारिकताओं का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
2. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा जो भी वाहन भाड़े पर भूतत्व निदेशालय, धुर्वा को उपलब्ध कराया जाएगा, उसके साथ–साथ वाहन का वाणिज्यिक निबंधन की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, वाहन के बीमा भुगतान की रसीद तथा अद्यतन पथकर भुगतान की रसीद की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
3. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा करार के दौरान कोई भी वाहन जो 02 वर्ष (730 दिन) से अधिक पुरानी हो, वाहन की आपूर्त्ति नहीं की जाएगी।
4. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा वित्तीय बिड में अंकित दर ईंधन, चालक, वाहन का रख–रखाव व्यय आदि सहित होंगे तथा प्रस्तुत दर के आधार पर न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाता का चयन किया जाएगा।
5. आपूर्तिकर्ता को वाहन की प्रतिदिन की प्रविष्टियों का लॉग बुक संधारण करना होगा (यथा आरंभ कि0मी0 रीडींग, अंत कि0मी0 रीडिंग, कुल तय की गई दूरी, आरंभ समय तथा अंत समय प्रतिदिन)। वाहन के प्रत्येक परिचालन पर चालक एवं वाहन उपयोग करने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी का हस्ताक्षर अंकित होना चाहिए। सभी लॉग बुक भूतत्व निदेशालय को जमा करना होगा एवं यह एक सरकारी दस्तोवज की तरह संधारित होगा।
6. आपूर्तिकर्त्ता को ही ईंधन की आपूर्ति करनी होगी, जिसकी माहवार अनुमान्य मात्रा निर्धारित होगी।
7. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा भाड़े पर दिए गए वाहन भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के निदे ।ानुसार ही परिचालित किये जाऐंगे तथा अनुबंध की अवधि में आपूर्तिकर्ता द्वारा वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा।
8. आपूर्तिकर्त्ता का यह दायित्व होगा कि चालक के पास पर्याप्त धनराशि (Cash) उपलब्ध हो ताकि यात्रा के दौरान ईंधन, मरम्मत अथवा वाहन संबंधित अन्य व्यय किया जा सके।

9. आपूर्त्तिकर्त्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे चालक जो नशे के सेवन का आदी हो या खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाला हो, को वाहन पर सेवायोजित नहीं किया जाए।

10. आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा वाहन में हमेशा पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराया जायेगा।

11. वाहन में उत्कृष्ट क्वालिटी के सीट कवर, फुटमैट, साफ तौलिया, रेडियो, कार परफ्यूम, मोबाईल चार्जर आदि उपलब्ध रहना चाहिए तथा मानसून के समय में वाहन में छाता की सुविधा भी उपलब्ध रहनी चाहिए।

12. वाहन अथवा वाहन चालक को बदलने से पूर्व आपूर्तिकर्ता को सक्षम पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त करनी होगी तथा बिना अनुमति के आपूर्तिकर्ता द्वारा चालक अथवा वाहन को नहीं बदला जाएगा।

13. वाहन पर तैनात किये जाने वाला चालक वैध व्यवसायिक लाईसेन्स धारक(LMV का)होना चाहिए। वाहन का चालक वाहन चलाने की दृष्टि से हृष्ट–पुष्ट (Medically Fit) एवं पर्याप्त अनुभवी और वाहन चलाने में दक्ष होना चाहिए। चालक का आचरण मृदुभाषी, अनुशासित होना अपरिहार्यहै।

14. यदि वाहन चालक अपने कर्त्तव्य का पालन उचित ढंग से करने में असमर्थ है अथवा उसका आचरण एवं कार्य संतोषजनक नहीं है, को हटाने हेतु आपूर्त्तिकर्त्ता को निर्देशित किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में आपूर्तिकर्त्ता को तत्काल दूसरे चालक की व्यवस्था करनी होगी।

15. वाहन के टायर बैट्री, हैडलाईट बीम, ब्रेक, इन्डिकेटर, वाईपर, शीशा, दरवाजे एवं अन्य समस्त एसेंसरीज उचित एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के होने चाहिए।

16. वाहन नियमानुसार परिवहन कार्यालय में पंजीकृत होनी चाहिए तथा करार की अवधि में वाहन के समस्त प्रपत्र यथा पंजीयन, परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि वैध एवं अद्यतन होने चाहिए।

17. वाहन से संबंधित सारे कागजात चालक के जिम्में होना चाहिए तथा सभी की अभिप्रमाणित प्रति भूतत्व निदेशालय को भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

18. वाहन चालक को वाहन मालिक के द्वारा चालक को अनुमान्य Proper पोशाक (हल्की नीली रंग) की आपूर्ति की जाएगी।

19. चालक का आचरण अपराध रहित होना चाहिए। भूतत्व निदेशालय द्वारा आवश्यकता पड़ने पर चालक का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जा सकता है। चालक को स्थानीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

20. किसी भी परिस्थिति में चालक को भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था वाहन मालिक के द्वारा ही किया जायेगा।

21. वाहन उपयोग के दौरान वाहन चालक अथवा वाहन के किसी प्रकार दुर्घटना होने केप चात् आवश्यक कार्रवाई वाहन प्रदाता द्वारा की जायेगी एवं होने वाली क्षति की प्रतिपूर्ति का दायित्व भूतत्व निदेशालय का नहीं होगा।

22. वाहन का उपयोग सामान्यतः कार्य दिवसों में किया जायेगा। परन्तु आवश्यकता पड़ने पर वाहन का उपयोग किसी भी समय 24x7 (अवकाश के तिथियों सहित) किया जा सकता है।

23. भूतत्व निदेशालय द्वारा निर्धारित मासिक किराया एवं उसपर देय GST के अलावे आपूर्तिकर्त्ता को अलग से किसी भी तरह की राशि देय नहीं होगी।

24. बिना कारण बताये निविदा को पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से सं ोधित करने/रद्द करने का अधिकार निदेशक, भूतत्व को सुरक्षित होगा।

## 6. भुगतान का प्रकार :–

1. आपूर्तिकर्त्ता को वाहन के मासिक राशि का भुगतान हेतु प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में पिछले माह का विपत्र (लॉग बुक के साथ) प्रस्तुत करना होगा।
2. वाहन का संतोषजनक परिचालन नहीं रहने की स्थिति में निदेशक, भूतत्व को अधिकार सुरक्षित होगा कि संबंधित वाहन का मासिक या आंशिक भुगतान अवरूद्ध रखे।
3. वाहन के मासिक विपत्र से अनुमान्य आयकर तथा सरकार को देय करों की कटौती नियमानुसार की जाऐगी।
4. आपूर्तिकर्त्ताको ससमय GST Return फाईल करना होगा।
5. प्रत्येक माह का वाहन परिचालन का बेस किलोमीटर 1300 किलोमीटर होगा अर्थात 1300 किलोमीटर तक मासिक परिचालन हेतु ईंधन की आपूर्त्ति वाहन मालिक के द्वारा किया जाएगा। एक वर्ष में वाहन का कुल परिचालन 15,600 किलोमीटर होगा। वाहन परिचालन की तिथि के एक वर्श पूर्ण होने पर परिचालन यदि 15,600 किलोमीटर से अधिक होगा तो अधिक परिचालन हेतु प्रति किलोमीटर की दर से राशि देय होगी। मूल्यकथन में प्रति किलोमीटर की दर आपूत्तिकर्त्ता के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें से न्यूनतम दर को अनुमोदित किया जाएगा।

6. दैनिक आधार पर आपूर्ति किये गये वाहन से संबंधित विपत्र को एक सप्ताह के अन्दर समर्पित करना अनिवार्य होगा एवं विपत्र के साथ, कार्यादेश, यात्रा की अवधि, उपयोग करने वाले पदाधिकारी/कर्मचारी का नाम, मोबाईल नम्बर, यात्रा करने का स्थान, वाहन का प्रकार/मॉडल तथा वाहन संख्या, आरंभ एवं अंतिम कि0मी0/अन्तर कि0मी0 स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए तथा संलग्न प्रपत्र संबंधित पदाधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।

7. आवंटन के अभाव में प्रस्तुत विपत्र के भुगतान में विलम्ब हो सकता है। विलम्ब की अवधि में किसी भी प्रकार की राशि का दावा स्वीकार नहीं होगा।

## 7. दण्ड–

1. वाहन में किसी प्रकार की खराबी होने पर वाहन प्रदाता को अविलंब उसी प्रकार के वाहन की वैकल्पिक व्यवस्था **तीन घंटो** के अंदर करनी होगी। वाहन प्रदाता वाहन उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं होगें तो अन्य एजेंसी से तत्काल भाड़े पर वाहन लिया जायेगा। इस स्थिति में अन्य एजेंसी के द्वारा ली गई वाहन का भुगतान आपूर्तिकर्ता द्वारा किया जायेगाअथवा मासिक भुगतान से उक्त राशि की कटौती कर ली जायेगी।
2. आपूर्त्तिकर्ताको एकरारनामा संपादित होने के उपरांत अविलंब वाहन की आपूर्ति करनी होगी। यदि आपूर्त्तिकर्त्ता वाहन की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं होंगे तो उनका अनुबंध/एकरारनामा समाप्त कर दिया जाऐगा तथा उनकी अग्रधन राशि जब्त कर ली जाऐगी।
3. यदि कोई चालक अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होता है तो आपूर्त्तिकर्त्ता को उसके स्थान पर अविलंब अन्य किसी चालक की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। यदि दूसरे चालक द्वारा रिपोर्ट करने में विलंब होता है तो रू0 100/– मात्र प्रति घंटा की दर से भुगतान में कटौती की जाएगी। यदि चालक द्वारा पूरे दिन में रिपोर्ट नहीं किया जाता है तो वैसी स्थिति में पूरे दिन हेतु रू0 1000/– मात्र की कटौती भुगतान में से की जाएगी।
4. Traffic Rules का उल्लंघन करने पर जुर्माना की राशि वाहन प्रदाता के द्वारा देय होगा।
5. वाहन में हमेशा पर्याप्त मात्रा में ईंधन सुलभ रहना चाहिए। यदि ईंधन समाप्त होने के कारण वाहन का परिचालन नहीं होता है तो ऐसी परिस्थिति में प्रतिघंटा 100 रूपये की दर से भुगतान में कटौति की जायेगी। यदि बार–बार ईंधन समाप्त होने के कारण परिचालन बाधित होता है तो ऐसी स्थिति में उनका अनुबंध/एकरारनामा रद्द करते हुये अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।

## 8. निविदा की शर्त्ते :–

### (i) तकनीकी निविदा :–

1. प्रत्येक निविदादाताओं को तकनीकी निविदा के साथ अग्रधन के रूप में रूपये 25000.00 (पच्चीस हजार) मात्र निदेशक, भूतत्व, भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड रांची के नाम से Bank Guarantee (**अनुसूची–III**) जमा करना अनिवार्य होगा।
2. आपूर्त्तिकर्त्ता के अग्रधन की राशि सुरक्षित जमा रख ली जायेगी एवं अनुबंध समाप्ति के उपरांत बिना किसी ब्याज के वापस लौटा दी जायेगी। असफल निविदादाता के अग्रधन की सुरक्षित जमा राशि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत आवेदन प्राप्त होने पर वापस कर दी जायेगी।
3. आपूर्त्तिकर्त्ता को तकनीकी निविदा के साथ प्रतिष्ठान के प्रोपराईटर की अथवा प्रतिष्ठान के पैन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. भागीदारी फर्म/कम्पनी की दशा में आवेदन तथा अन्य प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति को पॉवर ऑफ अटार्नी भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आपूर्त्तिकर्त्ता को तकनीकी निविदा के साथ प्रतिश्ठान के GST No.जिसमें ट्रैवल एजेंसी/Taxi Service के रूप में निबंधित होने का स्पष्ट उल्लेख हो, की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. तकनीकी निविदा दस्तावेज (**अनुसूची–I**) को भरकर देना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित दस्तावेज स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. आपूर्त्तिकर्त्ताको इस आशय का नोटरी द्वारा अभिप्रमाणित शपथ पत्र संलग्न करना (**अनुसूची–IV**) अनिवार्य होगा कि आवेदक का नाम शासन केन्द्र सरकार, राज्य सरकार के किसी अन्य विभाग, निगम अथवा वित्त आयुक्त, झारखण्ड की काली सूची में अंकित नहीं है।
8. ज्वाईंट वेंचर्स की अनुमति नहीं है।
9. आपूर्त्तिकर्त्ता के द्वारा एकरारनामा के समय प्रति वाहन रूपये 25,000.00 (पचीस हजार) मात्र सुरक्षित जमा राशि निदेशक, भूतत्व, भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग के नाम से बैंक गारंटी के रूप में देना अनिवार्य होगा।

**(ii) वित्तीय निविदा** :–वित्तीय निविदा हेतु निर्धारित प्रारूप (**अनुसूची–II**) में दर कर रहित होना चाहिए। निविदादाता वित्तीय निविदा के प्रारूप में अंकित वाहनों की दर

समर्पित करेंगे। समय–समय पर सरकार द्वारा लागू कर अलग से देय होगा।

9. **अनुबंध की अवधि (Duration of Contract)**:–अनुबंध की अवधि एक साल के लिए मान्य होगी तथा निदेशक, भूतत्व को यह अधिकार सुरक्षित होगा कि एक वर्ष के लिए सम्पादित कार्य की समीक्षा के आधार पर उक्त अवधि को उसी दर पर यथा निर्धारित भार्तों के अधीन एक–एक वर्श के लिए (अधिकतम 03 वर्ष तक के लिये) विस्तारित कर सकते है, किन्तु इसके लिए एक वर्ष के एक माह पूर्व आपूर्त्तिकर्त्ता को अवधि विस्तार के लिए आवदेन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

10. **सेवा की समाप्ति (Termination of Contract)** :–आपूर्त्तिकर्त्ता द्वारा कार्य आदेश का उल्लंघन किए जाने पर अनुबंध समाप्त करने के अलावा आपूर्त्तिकर्त्ता को काली सूची मे भी डाला जाएगा।

11. **विवाद समाधान (Dispute Resolution)** :–इस निविदा के अंतर्गत किसी भी विवाद या मतभेद की स्थिति में निदेशक, भूतत्व, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड किसी वरीय पदाधिकारी को Arbitrator नियुक्त कर सकते है।

12. **न्यायालय का क्षेत्राधिकार (Jurisdiction of Court)** :–आपूर्त्तिकर्त्ता और भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड सरकार के मध्य विवाद आदि का निपटारा माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची के अधीन किया जा सकेगा।

**निदेशक, भूतत्व**
**भूतत्व निदेशालय**
**खान एवं भूतत्व विभाग,**
**झारखण्ड, राँची**

**अनुसूची–I**

## तकनीकी निविदा दस्तावेज (TECHNICAL BID DOCUMENT)

निविदा संख्याः.................................दिनांक..................................

स्वामी/पंजीकृत फर्म/कंपनी का नामः

### जाँच सूची (Checklist)

| क्र0 | ब्यौरा | अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 1 | कंपनी/पंजीकृत फर्म/स्वामी का नाम (पंजीकरण विवरण संलग्न करें) | अनिवार्य |
| 2 | पिछले तीन वर्षों का आईटीआर | अनिवार्य |
| 3 | स्थायी खाता संख्या (पैन) | अनिवार्य |
| 4 | जीएसटी पंजीकरण संख्या (जीएसटी प्रमाण पत्र संलग्न करें) | अनिवार्य |
| 5 | संस्था का पता (मोबाईल नंबर/ईमेल के साथ) | अनिवार्य |
| 6 | मालिक/निदेशकों का नाम और पता (मोबाईल नंबर के साथ) (फर्म/कंपनी के मामले में) | अनिवार्य |
| 7 | संपर्क व्यक्ति (मोबाईल नंबर/ईमेल के साथ) | अनिवार्य |
| 8 | वाहन उपलब्ध कराने का अनुभव (कार्य आदेश की प्रति संलग्न करें) | अनिवार्य |
| 9 | ग्राहकों की सूची (अलग से संलग्न करें) | अनिवार्य |
| 10 | सुरक्षित जमा राशि/बैंक गारंटी की विवरणी | अनिवार्य |
| 11 | वाहन का पंजीकरण (वाणिज्यिक/निजी है या नहीं विवरण दें) | |

**घोषणा**

मैं प्रमाणित करता हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरे/हमारे ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है। मैं समझता हूँ कि यदि किसी भी स्तर पर उपरोक्त कथन में कोई विचलन पाया जाता है, तो कंपनी के आवेदन को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निदेशक, भूतत्व को होगा।

**एजेंसी/प्रतिष्ठान/आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

अनुसूची–II

## वित्तीय निविदा दस्तावेज (FINANCIAL BID DOCUMENT)

**निविदादाता का नामः...........................................................**

**निविदादाता / प्रतिष्ठान का पताः-.................................................**

**......................................................**

**......................................................**

**......................................................**

**सम्पर्क नम्बर एवं ईमेल :- ......................................................**

**......................................................**

### प्रारूप–1

| क्र0 | वाहन का नाम तथा मॉडल | मासिक दर (GST/सेवा कर छोड़कर) 1300 कि0मी0 प्रतिमाह परिचालन के लिये (चालक एवं ईंधन सहित) (रूपये में) | अतिरिक्त कि0मी0 का दर (GST/सेवा कर छोड़कर)यदि वाहन एक वर्ष में 15600 कि0मी0 से अधिक चलती है (चालक एवं ईंधन सहित) (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | महिन्द्रा बोलेरो नियो | | |

### प्रारूप–2

| क्र0 | वाहन का नाम तथा मॉडल | प्रतिदिन का दर (GST/सेवा कर छोड़कर)80 कि0मी0 वाहन परिचालन के लिये (चालक एवं ईंधन सहित) (रूपये में) | अतिरिक्त प्रति कि0मी0 का दर (GST/सेवा कर छोड़कर)यदि वाहन एक दिन में 80 कि0मी0 से अधिक चलती है(चालक एवं ईंधन सहित) (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | महिन्द्रा बोलेरो नियो | | |

**नोटः**–1. प्रारूप–1 एवं प्रारूप–2 के लिए न्यूनतम दर का निर्धारण विभागीय क्रय समिति के द्वारा अलग–अलग तय किया जाएगा।

2. प्रथम 1300 कि0मी0 प्रतिमाह तथा प्रतिदिन का दर 80 कि0मी0 के लिये न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाता का चयन किया जाएगा।

3. अतिरिक्त कि0मी0 के लिए सभी निविदादाताओं के द्वारा प्रस्तुत दर में से न्यूनतम दर का निर्धारण किया जाएगा, जो सर्वमान्य होगा। इस न्यूनतम दर पर उपर्युक्त कंडिका (2) के आधार पर चयनित निविदादाता को भी कार्य संपादन करना अनिवार्य होगा।

**एजेंसी / प्रतिष्ठान / आवेदक का नाम, हस्ताक्षर एवं मोहर**

# BANK GUARANTEE FORMAT OF TENDER SECURITY/PERFORMANCE SECURITY

(On Non-Judicial Stamp paper of value not less than INR------------------- )

…………………………………………………………(Name of the Bank)
Address
……………………………………………………………………………...Guarantee No………………………
A/C M/s………………………………………………… (Name of Bidder)
Date of Expiry………………………
Limit to liability (currency & amount)

…………………………………………………...
Invitation for Tender No……………………dated ……………………
For…………………………………………………… (Name of Facilities)

Subject: Expression of Interest Security Bank Guarantee.
Date………………20
To

Director, Geology
Directorate of Geology
Deptt. of Mines & Geology
2nd Floor, Engineer;s Hostel No.-2, Dhurwa,
Ranchi - 834004
(Jharkhand), INDIA

Dear Sir,

In consideration of Directorate of Geology, Department of Mines & Geology Government of Jharkhand (hereinafter called "DMG") whichexpression shall unless repugnant to the subject of context include his successors and assigns having agreed to exemptM/s----------------(hereinafter called " Bidder") from demand under the terms & conditions of "Tender document" (hereinafter called the said "Tender document") issued by DMG vide No.________ for the work_________________ (Name of the facilities) from deposit of tender security for the due fulfillmentby the Bidder of the terms and conditions contained in the said tender document on production of Bank Guarantee forINR.________ (INR ____________________ only) (figure in words).

1. We the ______________Bank Ltd. (Name of Bank) hereinafter referred to as "Bank" having our registered office at _________ (address of Bank) do hereby undertake and agree to indemnify and keep indemnified DMG to extent of INR. ___________ (INR. ________ only) (figures in words against any losses, damage cost, charges and expenses caused to or suffered by or that may be caused or suffered by DMG by reason of any breach or breaches by the Bidder of any of the terms and conditions contained in the said tender document and unconditionally pay the amount claimed by DMG on demand and without demur to the extent aforesaid.

2. We _______________ Bank Ltd do hereby undertake to pay the amounts due and payable under the guarantee without any demur merely on a demand by you stating that the amount claimed is due by way of loss or damage caused to or would be caused or suffered by you by reason of any breach by the said Bidder of any of the terms or conditions contained in the said tender document by reason of the Bidder's failure to fulfill the conditions of said tender document. Any such demand on the Bank shall be conclusive as regards the amount due and payable by the Bank under this guarantee. However, our liability under this guarantee shall be restricted to an amount not exceeding INR. __________.

3. We __________ Bank Ltd. further agree that DMG shall be the sole judge of and as to whether the Bidder has committed any breach or breaches of terms and conditions of the said tender document and the extent of loss, damages, costs, charges and expenses caused to or

suffered by or that may cause to or suffered by DMG on account thereof to the extent of the tender Security required to be deposited by



the Bidder in respect of the said document and the decision of DMG that the Bidder has committed such breach or breaches and as to the amount or amounts of loss, damages, costs, charges, and expenses caused to or suffered by or that may be caused to or suffered by DMG shall be final and binding on us.

4. We __________________Bank Ltd. further agree that guarantee herein contained shall remain in full force andeffect during the period that would be taken for the performance on the said tender document and that it shallcontinue to be enforceable till you certify that terms and conditions of the said tender document have been fully andproperly carried out by the said Bidder and accordingly discharge the guarantee. Unless a demand or claim underthis guarantee is made on us in writing on or before the (date) __________ we shall be discharged from all liabilityunder this guarantee.

5. We ______________ Bank Ltd. further agree with you that you have the fullest liberty without our consent andwithout affecting in any manner our obligations hereunder to vary any of the terms and conditions of the saidtender document or to extend time of performance by the said Bidder from time to time or to postpone for any timeor from time to time any of the powers exercisable by you against the said Bidder and to forbear or enforce any ofthe terms and conditions relating to the said tender Document and we shall not be relieved from our liability byreason of any such variation or extension being granted to the said Bidder or for any forbearance act or omissionon your part or any indulgence by you to the said Bidder or any such matter or thing whatsoever under the lawrelating to sureties would but for this provision have effect of so relieving us.

6. It shall not be necessary for DMG to proceed against the Bidder before proceeding against the Bank and theGuarantee herein contained shall be enforceable against the Bank, notwithstanding any security which DMG mayhave obtained from the Bidder at this time when proceeding is taken against Bank hereunder be outstanding orunrealized.

7. We _______________ Bank Ltd. further undertake to unconditionally pay the amount claimed by DMG merely on demand and without demur to the extent aforesaid.

8. We, the said Bank lastly undertake not to revoke this guarantee during its currency except with the previousconsent of DMG in writing and agree that any change in the constitution of DMG or the Bidder or the said Bankshall not discharge our liability hereunder dated ______day of _________20….. _______ for____________________ Bank Ltd.

Yours faithfully

For …………………………

(Name of the Bank)

**अनुसूची–IV**

# Affidavit Copy

## DECLARATION

Tender No. Date:

We hereby declare that we are not blacklisted by any Central/ State Government/ agency, Central/ State Government, Public Sector Undertaking, or any Regulatory Authorities in India for any fraudulent activities.

We also declare that no legal action is pending against our Company/Agency/Directors/Proprietor by any of the regulatory authories or any court of India.

Yours Faithfully,

(Signature of the Bidder, with Official Seal)

**अनुसूची–V**

# घोषणा पत्र

**1.** मैं ............................................................................ संस्था/फर्म ................................................................... .................................... के लिए इस घोषणा पर हस्ताक्षर करने एवं निविदा डालने के लिए प्राधिकृत किया गया/गई हूँ।

**2.** मैंने निविदा की शर्तों को भलीभाँति पढ़ा एवं समझा है एवं उक्त शर्तों को स्वीकार करता/करती हूँ।

**3.** मैं भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु **04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो**वाहनों के मासिक/दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु उपलब्ध कराने के लिये तैयार हूँ।

**4.** इस निविदा के समर्थन में मेरी संस्था के द्वारा दी गई सूचनाएँ सत्य है एवं इसके गलत पाये जाने पर मेरी निविदा को अस्वीकार किया जा सकेगा एवं मेरे एवं मेरी संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकेगी।

**5.** कार्यादेश प्राप्ति के उपरान्त निविदा की शर्तों के उल्लंघन का दोशी पाये जाने की स्थिति में 15 दिनों का नोटिस देकर कार्यादेश का रद्द कर दिया जाएगा।

दिनांक ................................

स्थान ................................

**एजेंसी/प्रतिष्ठान/आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**